90

प्रबन्ध निदेशक,
RPIDCL राजस्थान जयपुर।

RPIDCL, Jaipur
S.R. No. 3659
Date 14.11.23
M.D.
G.M.
Dy. G.M.
A.O./A.A.O.
Section

विषयः— राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी एनआईटी में कॉन्ट्रेक्टर्स की पार्टिसिपेशन बढ़ाने हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना।

महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध में एनआईटी जारी की जाती है लेकिन वर्तमान में कॉन्ट्रेक्टर्स का पार्टिसिपेशन अपेक्षाकृत कम है। एनआईटी में कॉन्ट्रेक्टर्स का पार्टिसिपेशन बढाने पर स्वच्छ प्रतिस्पर्धा होने से प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर निर्धारित समयावधि में बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य सम्पादित हो सकते है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न कार्ययोजना प्रस्तावित हैः—

1. राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी किए जाने वाली सभी एनआईटी प्रेषित करते समय सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले समाचार पत्रों जैसे— दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका इत्यादि में प्राथमिकता से निविदाओं के प्रकाशन करवाया जाना उपयुक्त है। इसके लिए राजस्थान सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से समन्वय स्थापित किया जायेगा।

2. कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसियेशन से सम्पर्क कर राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध मे आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु प्रचार—प्रसार गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी।

90/1

3. निर्माण कार्यों से संबंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग, नेशनल हेल्थ मिशन, जेडीए इत्यादि एजेन्सियों में कार्यरत कॉन्ट्रेक्टर्स से भी संपर्क कर उन्हें राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों के बारे में अवगत करवाकर उन्हें अधिक से अधिक पार्टिसिपेशन के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

4. राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी की जाने वाली एनआईटी को कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसियेशन एवं अन्य एजेन्सियों के सोशल मीडिया ग्रुप्स के साथ शेयर कर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा।

5. समय–समय पर राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों के बारे में प्रिंट मीडिया के साथ ही विभिन्न टी.वी. चैनल्स पर भी आवश्कतानुसार प्रचार प्रसार किया जायेगा ताकि अधिक से अधिक कॉन्ट्रेक्टर्स को इसकी जानकारी मिल सके।

6. इन सभी कार्यों में आवश्यक समन्वय स्थापित करने के लिए राजस्थान पुलिस हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड में मीडिया एडवाइजर के तौर पर सेवाएं प्रस्तावित है। इस कार्य हेतु प्रति माह न्यूनतम 55 हजार रू की राशि प्रस्तावित है।

सादर,

गोविन्द पारीक
से0नि0 अतिरिक्त निदेशक प्रचार
राजस्थान पुलिस।